हिंदी दिवस कार्यशाला

14 सितंबर 2016

'हिंदी हैं हम' कार्यक्रम के अंतर्गत पी. एच.डी. चेंबर ऑफ कॉमर्स, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली के प्रेक्षागृह में 14 सितंबर 2016 को 'हिंदी दिवस समारोह' का आयोजन किया गया। आई. टी. एल. विद्यालय सेक्टर-9,द्वारका, नई दिल्ली-77 की ओर से श्रीमती मोनिका कपूर, श्रीमती रेखा सिंह और श्रीमती रजनी को इस समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। देश के अनेक प्रदेशों से आए हुए हिंदी के शिक्षाविदों ने इस समारोह में भाग लिया। श्री अशोक वाजपेयी, प्रो. कृष्ण कुमार, श्री रामजनम शर्मा और श्रीमती संध्या इस समारोह के मुख्य अतिथि थे।

- NCERT 2005 पाठ्यपुस्तक की रूपरेखा के उद्देश्यों को प्राप्त करने में हम कहाँ तक हम सफल हो सके पर कार्य शाला में चर्चा की गई । बाल मनोविज्ञान का ध्यान रखते हुए बाल केंद्रित शिक्षा पर बल दिया गया। शिक्षकों को वर्त मान साहित्य पढ़ने पर बल दिया गया। कविता पाठ की विधि बताई गई।
- भारत के अनेक राज्यों के हिंदी शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों और हिंदी शिक्षण में योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया।
- तत्पश्चात हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सुरेंद्र शर्मा, महेंद्र अजनवी, अरूण जयमनी, विनय विश्वास, संपत सरल और ऋतु गोयल ने अपने काव्य के रोचक प्रस्तुतिकरण व हास्य, व्यंग्य और चुटीले अंदाज़ से सभी अतिथियों का मनोरंजन किया। सुरेंद्र शर्मा जिनके काव्य पाठ के रोचक अंदाज़ से सभी परिचित हैं तथा ऋतु गोयल की कविताएँ तो संवेदना से भरपूर थी जिनकी सभी ने सराहना की।

विद्यार्थियों की रचनात्मक कल्पनाशक्ति को समृद्ध करने का अनुभव शिक्षकों ने प्राप्त किया। मधुबन प्रकाशन की पाठ्य पुस्तक 'गुंजन' का विमोचन किया गया। यह अनुभव बहुत ही ज्ञानवर्धक और अविस्मरणीय रहा। भविष्य में भी हिंदी भाषा के उत्थान हेतु इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा इस बात की आशा है।